सिंथेटिक रबर की खपत बढ़ी

नई दिल्ली ◆ भारत में सिंथेटिक रबर की खपत वर्ष 2011 की फरवरी में आठ फीसदी बढ़कर 33,925 टन हो गई जबकि इसी समान अवधि के दौरान घरेलू स्तर पर आपूर्ति 10 फीसदी बढ़कर 9,634 टन हो गई। रबर बोर्ड द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार बीते साल की समान अवधि में सिंथेटिक रबर की मांग और उत्पादन क्रमशः 31,440 व 8,768 टन रही। इस साल की जनवरी की तुलना में फरवरी में सिंथेटिक रबर की खपत में चार फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2011 की जनवरी में रबर की खपत 35,260 टन रही थी। भारत में सिंथेटिक रबर का इस्तेमाल टायर बनाने में ज्यादा होता है। ऑटो टायर इंडस्ट्री ने वर्ष 2011 की फरवरी में 24,692 टन रबर की खपत की। बीते साल की समान अवधि के मुकाबले इस साल फरवरी में खपत 19 फीसदी ज्यादा रही। बीते साल की समान अवधि में रबर की खपत ऑटो टायर इंडस्ट्री द्वारा 20,738 टन रही।